आदिवासी सामुदायिक भवन के लिए भूमि आवंटित करे सरकार

छपारा के जनपद अध्यक्ष ने ग्रामीणों के साथ संभाग आयुक्त को सौंपा ज्ञापन

छपारा, देशबन्धु। छपारा जनपद क्षेत्र में आदिवासी सामुदायिक भवन निर्माण करने के लिए भूमि आवंटित कराई जाने की मांग को लेकर जनपद पंचायत छपारा के अध्यक्ष सदम सिंह बरकड़े भाजपा के वरिष्ठ नेता धीर सिंह भलावी गोंगपा पार्टी के अध्यक्ष सकत धुर्वे सहित सामाजिक पदाधिकारी संभाग आयुक्त जबलपुर कार्यालय पहुंचकर प्रार्थना पत्र सौंपा है ।

जनपद पंचायत छपारा मुख्यालय में आदिवासी सामुदायिक भवन निर्माण हेतु जमीन आवंटित करने के लिए महामहिम राज्यपाल मुख्यमंत्री सिवनी विधायक एसडीएम लखनादौन छपारा तहसीलदार नगर परिषद छपारा सहित शासन प्रशासन के उच्च अधिकारी को ज्ञापन एवं प्रार्थना पत्र आदिवासी समुदाय के द्वारा सोपा गया जनपद क्षेत्र छपारा मुख्यालय वैनगंगा नदी के तट पर गोंडवाना शासन काल की गढी है जो की एक धरोहर के रूप में है वह जीर्णशीर्ण अवस्था में होते

जा रही है उस धरोहर को सुरक्षित एवं संरक्षित की दृष्टि से छपारा स्थित खसरा नंबर 834 रकवा 1.36 जो आबादी मंद है वही खसरा नंबर 798 रखवा 0.68 है सिंचाई विभाग की भूमि पर आदिवासी सामुदायिक भवन निर्माण के लिए भूमि आवंटन कराए जाने हेतु लगातार मांग की जा रही है।

इस संबंध में आज दिनांक तक कोई कार्रवाई विभागीय प्रमुखों के द्वारा नहीं की गई जबकि एक स्थान पर दो सामुदायिक भवन निर्माण विधायक निधि से कर दिया गया है वही आदिवासी समाज लंबे समय से शासन प्रशासन से सामाजिक भवन हेतु जमीन आवंटन करने की मांग कर रहा है किंतु आज दिनांक तक शासन प्रशासन से करवाई अपेक्षित है इस संबंध में त्वरीत कार्रवाई करते हुए उपरोक्त खसरा नंबर एवं रकवा की भूमि में सामुदायिक भवन निर्माण हेतु भूमि उपलब्ध कराने की कार्रवाई की जाए ताकि छपारा में आदिवासी समाज सामुदायिक भवन का निर्माण किया जा सके।

व्यस्त इलाके से बाइक ले उड़े चोर

छपारा, देशबन्धु। विगत दिवस शनिवार 23 नवंबर की देर शाम नगर के सीएम राइज विद्यालय गेट के सामने खड़ी बाइक पर अज्ञात चोरों ने किया हाथ साफ।

बताया जाता है कि नगर के खैर माई मढिया के पास निवासी शिक्षक प्रकाश श्रीवास्तव रोज की तरह शाम को सी एम राइज विद्यालय के मुख्य गेट पर अपनी मोटर साइकिल लॉक करके साथियों के साथ इवनिंग वॉक करने जाते हैं शनिवार देर शाम को जब अपने घर वापस जाने के लिए गेट पर पहुंचे तब उनकी बाइक जिस जगह खड़ी की थी वहां पर नहीं थी आसपास सभी जगह देखने पर भी नहीं मिली तब लगा कि अज्ञात चोर ने हैंडल लॉक तोड़कर उनकी बाइक उड़ा ले गये।

ऐसी स्थिति में उनके द्वारा छपारा थाने में मोटर साइकिल क्रमांक एमपी-22-एमडी-2887 बाइक चोरी की शिकायत दर्ज कराई गई है।वहीं प्रकाश श्रीवास्तव द्वारा बताया गया कि बीते शनिवार को शाम नगर के सीएम राइज विद्यालय के गेट के सामने खड़ी बाइक की चोरी की पूरी वारदात विद्यालय में लगे हुए सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई है। किंतु फुटेज में सिर्फ समय का पता चल रहा की 7 बज कर 42 मिनिट के आसपास दो लड़के मोटर साइकिल लेकर चलाते हुए जा रहे। वहीं पुलिस के द्वारा कहा गया है कि जल्द ही उनकी चोरी हुई बाइक को ढूंढ लिया जाएगा।

नगर में नहीं हो रही रात्रि गश्त - अमूमन पिछले कई वर्षों से देखा जा रहा है कि ठंड के मौसम के दौरान चोरी की वारदात घटित होने लगती है जिसका सिलसिला बाइक चोरी होने से नहीं थम रहा वहीं पुलिस के द्वारा रात्रि गश्त नहीं किया जा रहा है चोरों के हौसले इतने बुलंद हैं की भीड़-भाड़ वाले स्थानों से भी बेख़ौफ़ चोरी की घटनाओं को अंजाम दे दिया जा रहा है जिसको लेकर नगर वासियों के द्वारा छपारा पुलिस से रात भर गश्त किए जाने की मांग की गई है।

नर्मदा को स्वच्छ रखना हमारा भी फर्ज : प्रहलाद

बरमान, देशबन्धु। विश्व शौचालय दिवस पर मध्य प्रदेश शासन के ग्रामीण कैबिनेट मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल आगमन बरमान घाट पर हुआ था। मां नर्मदा की पूजन उपरांत सभी कार्यकर्ताओं की सहभागिता के साथ मां नर्मदा की घाट पर फैली गंदगी कचरों के ढेरो को मंत्री महोदय ने साफ किया कैबिनेट मंत्री पहलाद पटेल के अनुज पूर्व मंत्री जालम से पटेल जिला कलेक्टर महोदय शीतला पटले पुलिस अधीक्षक महोदया जिला पंचायत सीईओ सहित बड़ी संख्या में प्रशासनिक अमला मौजूद रहा।

पहलाद पटेल ने संबोधन के दौरान कहा है कि मां नर्मदा सांस्कृतिक रूप से एवं आध्यात्मिक पहचान का हिस्सा है लेकिन यह भी जरूरी है की हम यह स्वच्छता बनाए रखें पूजा पाठ कर घाट पर गंदगी छोड़ने की प्रवृत्ति पर ग्राम लगे श्री पटेल ने स्वच्छता परिसरों एवं सार्वजनिक शौचालय का उपयोग करने के लिए कहा है और ना मानने वाले लोगों पर कार्रवाई करें कार्यक्रम के दौरान श्री पटेल द्वारा स्वच्छता करीमियों का सम्मान किया गया।

कार्यक्रम में नर्मदा मंडल के पदाधिकारी कार्यकर्ताओं के अलावा अन्य शहरी क्षेत्र से भी कार्यकर्ता उपस्थित रहे महंत पीतमपुरी गोस्वामी सुनील कोठारी संदीप ममार बृजेश माते मोतीलाल चोरसिया मंडल अध्यक्ष रामनारायण सोनी हेमेंद्र शुक्ला नरेश पांडे दिनेश दुबे राजेश रघुवंशी पी.एस.यादव गिरीश पैठन्कर कालीचरण मुखिया आदि कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही ।

सार-समाचार

गरीबों के उपचार के लिए पूर्व मंत्री ने एकत्र की आर्थिक मदद

सौसर, देशबन्धु। मध्यप्रदेश शासन की मुख्यमंत्री स्वेच्छनुदान योजना से सौसर विधानसभा के 16 जरूरतमंद लोगों का उपचार संभव हो सका है। जन जन के सेवक पूर्व मंत्री नानाभाऊ मोहोड के प्रयासों से मुख्यमंत्री मोहन यादव द्वारा उपचार हेतु हजारों रुपए की राशि स्वीकृत कराई है। जिसमे रमेश नखाते पीपला नारायण वार 60 हजार, उमाकांत डाखोडे सौसर 40 हजार, सागर घंघारे सौसर 30 हजार, नरेंद्र बागड़े लोधीखेड़ा 40 हजार, शेजाज खान लोधीखेड़ा 20 हजार, नितेश गुप्ता पारडसिंगा 30 हजार, वीरेंद्र बड़े पारडसिंघा 40 हजार, सिद्धार्थ अंबरते सावगा 25 हजार, गुलाब वाडबुदे मोहगांव 30 हजार, अक्षय कुमारिया कबर पीपला 30 हजार, रामचन्द्र गोखे सौसर 20 हजार, दिलीप बानबोते रामाकोना 20 हजार, केशव कातकडे सावंगा 50 हजार, पद्माकर चौहान रामाकोना 25 हजार एवं वंदना रंगारे हिवरा खंडेरायवार 40 हजार का समावेश है। पूर्व मंत्री मोहोड ने पीड़ितों के सहयोग पर मुख्यमंत्री मोहन यादव का आभार व्यक्त किया।

बच्चों के उपचार के लिए निःशुल्क हृदय रोग शिविर का आयोजन 27 को

गोटेगांव, देशबन्धु। जिला नरसिंहपुर में कलेक्टर शीतला पटले के निर्देशन व मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ आशीष प्रकाश सिंह के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत जन्म से 18 वर्ष तक की उम्र के बच्चों के लिए निश्शुल्क हृदय रोग निदान स्वास्थ्य शिविर का आयोजन अंतर्गत जिला चिकित्सालय नरसिंहपुर के कक्ष क्रमांक 26 मीटिंग हाल में 27 नवम्बर को किया जायेगा। शिविर में शासकीय मान्यता प्राप्त अरविंदो मेडिकल कॉलेज इंदौर के विषय विशेषज्ञों के द्वारा जन्म से 18 वर्ष तक के बच्चों की जांच की जावेगी। जांच उपरांत चिन्हिंत मरीज बच्चों को आगामी उपचार/ शल्यक्रिया के लिए उचित मार्गदर्शन प्रदान किया जावेगा। शिविर में आने वाले बच्चों के अभिभावकों से कहा है कि वे अपने साथ मरीज की एक फोटो, आधार कार्ड, परिवार समग्र आईडी, जन्म प्रमाण पत्र और पूर्व जांच की रिपोर्ट यदि हो तो साथ में लेकर आयें। स्वास्थ्य विभाग ने अभिभावकों से अपील की है कि वे अपने जन्म से 18 वर्ष तक के हृदय रोग से ग्रसित बच्चों को उक्त शिविर में लेकर आयें और निःशुल्क स्वास्थ्य का लाभ उठायें।

किसानों की मांगों के निराकरण की मांग, आज सौंपा जाएगा ज्ञापन

गोटेगांव, देशबन्धु। एस के एम का राष्ट्रव्यापी आंदोलन

संयुक्त किसान मोर्चा के राष्ट्रीय आव्हान पर नरसिंहपुर जिले की गाडरवारा तहसील में शक्ति चौक गाडरवारा में एक दिवसीय धरना देकर राष्ट्रपति एवं प्रधानमंत्री के नाम राष्ट्रीय स्तर की मांगे एवं मुख्यमंत्री के नाम स्थानीय स्तर की मांगों को लेकर अनुविभागीय अधिकारी महोदय राजस्व को ज्ञापन सौंपा जाएगा। जिले के किसान भाइयों से अपील है किसान विरोधी नीतियों के खिलाफ एवं किसानों की मांगों के निराकरण की मांग को लेकर अधिक से अधिक संख्या में शक्ति चौक गाडरवारा में आज 26नवंबर 2024 को 1बजे से एकत्रित होकर 4बजे एस डी एम महोदय को ज्ञापन देने तक अपनी उपस्थिति देंगे जिससे सरकार को किसान विरोधी नीतियां लागू कर किसानों के शौषण को रोका जा सके। संयुक्त किसान मोर्चा गाडरवारा जिला नरसिंहपुर ने अधिक से अधिक संख्या में कार्यक्रम को सफल बनाने अपील की है।

व्यक्तित्व विकास कार्यक्रम का शुभारंभ

सौसर, देशबन्धु । शासकीय महाविद्यालय सौसर में गुरुवार 25 नवंबर 2022 को स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ एवं आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वाधान में उन्नति फाउंडेशन के द्वारा 30 दिवसीय व्यक्तित्व विकास कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस कार्यक्रम में उन्नति फाउंडेशन से प्रज्वल डखरे ने विद्यार्थियों को प्रशिक्षण दिया। प्रशिक्षण के प्रथम दिवस में विद्यार्थियों को बताया गया कि उन्नती क्लास मे हम स्पोकन इंग्लिश, लाइफ स्किल सीखने वाले है. विद्यार्थियों ने असेंबली में प्रार्थना, मेडिटेशन, उन्नती क्लब और थॉट फॉर द डे करवाया। स्पोकन इंग्लिश क्यू जरुरी है इसके क्या लाभ है, इससे विद्यार्थियों को अवगत कराया गया। लाईफ स्किल मे एटीट्यूड और व्यवहार के बारे मे व्यवहारिक उदाहरण के द्वारा समझाया गया। बच्चो ने क्लास में आनंद लिया । विद्यार्थियों ने स्टेज पर आकर एक्टिविटी की। विद्यार्थियों ने ग्राउंड रुल बनाये. और संकल्प लिया की हम उन्नती क्लास 30 दिन नियमित आयेंगे।

प्रांतस्तरीय भारत को जानो प्रतियोगिता

गोटेगांव, देशबन्धु । भारत विकास परिषद महाकौशल प्रांत द्वारा आयोजित प्रांत स्तरीय भारत को जानो प्रतियोगिता विगत दिवस गोटेगांव शाखा द्वारा आयोजित की गई।इस प्रतियोगिता में जबलपुर, मंडला, नरसिंहपुर, दमोह, गोटेगांव की शाखाओं के स्कूली बच्चों ने बढ़ चढ़ कर प्रतियोगिता में भाग लिया।यह प्रतियोगिता कनिष्ठ और वरिष्ठ वर्ग में संपन्न हुई। कनिष्ठ वर्ग में प्रथम स्थान पाने वाली शाखा गोटेगांव शाखा के एसवीएस स्कूल के छात्र भावेश शर्मा व आर्यवीर पटेल रहे, वहीं वरिष्ठ वर्ग की जबलपुर शाखा के शासकीय श्रमोदय आवासीय विद्यालय मुंगेली जबलपुर के विद्यार्थी ऋषभ शरणागत व किरण चंदेली रहे। इन दोनों वर्गों का चयन आगामी 1 दिसंबर को कटनी में आयोजित रीजनल भारत को जानो प्रतियोगिता में किया गया।

द्वितीय स्थान पर कनिष्ठ वर्ग की दमोह शाखा के स्कूल एम.जे.पी. सीएम राइज के विद्यार्थी अक्षत सिंह ठाकुर, दीपक पटेल, तृतीय स्थान पर मंडल शाखा का माउंट फोर्ट सीनियर सेकेंडरी स्कूल मंडला के विद्यार्थी आरव दुबे व लवी क्षत्रिय रहा।

वही वरिष्ठ वर्ग में द्वितीय स्थान पर नरसिंहपुर शाखा के एक्सीलेंस विद्यालय के विद्यार्थी वंदना साहू, मनीषा चौधरी व तृतीय स्थान पर गोटेगांव शाखा के सीएम राइस विद्यालय की रिया कस्तवार, ललित दोहैया रहे।इस अवसर पर गोटेगांव विधानसभा के लोकप्रिय विधायक महेंद्र नागेश,वरिष्ठ समाजसेवी इंजी. सरदार सिंह पटेल, रीजनल अध्यक्ष सुनील कोठारी, रीजनल सेक्रेटरी जितेंद्र कुलकर्णी, प्रान्त अध्यक्ष संजय तिवारी, कोषाध्यक्ष नितिन पालीवाल, प्रान्त उपाध्यक्ष आशुतोष वर्मा, इंजीनियर देवदत्त पचौरी, गोविंद पटेल अध्यक्ष, ओमकार सिंह पटेल, यशवंत पटेल, नेतराम पटेल, प्रसन्न भानू जैन (पूर्व अध्यक्ष) बी डी सोनी रीजनल मीडिया प्रभारी, रघुनाथ राय, नर्मदा प्रसाद गुप्ता, आशुतोष शर्मा, सीताराम पटेल, राजकुमार पटेल, पर्यवेक्षक के रूप में सतना से पधारे राहुल जैन रहे।इसके अलावा विभिन्न स्कूलों के शिक्षक व अभिभावकों के साथ नरसिंहपुर शाखा अध्यक्ष शिरीष पुरोहित, सचिव आशीष नेमा, दमोह शाखा से प्रशांत शिंदे व राजीव बिल्थरे, मंडला शाखा से रविशंकर सोनी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का संचालन गोटेगांव शाखा के सचिव राकेश शर्मा व आभार कोषाध्यक्ष आशीष पटेल ने किया।

दो स्वसहायता समूहों को चलाती महिलाएं हैं मगर चलती उनके पतियों की है

राधा कृष्ण और राधा स्वामी स्वसहायता समूहों की जांच की मांग

सिवनी धूमा, देशबन्धु। सिवनी जिले के लखनादौन के अंतर्गत सनाईडोंगरी में राधा कृष्ण स्व सहायता समूह और दूसरा राधा स्वामी स्व सहायता समूह चर्चा में हैं। दोनों समूह फर्जी तरीके से चलाये जा रहे हैं। संबंधित समूह का संचालन महिलाएं करती हैं लेकिन देखने को मिल रहा है कि महिलाओं से आगे उनके पति राशन दुकान से लेकर मध्यान्ह भोजन और खरीदी तक में लगे रहते हैं। राधा कृष्ण स्व सहायता समूह तीन जगह पर मध्यान्ह भोजन का संचालन कर रहा है।

मकरझिर पुनवारा कला सनाई डोंगरी और इसी तरह इस समूह की कुछ राशन दुकान भी संचालित हो रही हैं जैसे की बम्होडी राशन दुकान में ज्योति यादव संचालन करती हैं तो वहीं पोर्टल में बलदेव यादव का नाम दर्शाया जा रहा है। अब सवाल यह उठता है कि विभाग के अधिकारी को जब इस चीज की जानकारी है तो फिर पोर्टल में बलदेव यादव का नाम कैसे शो कर रहा है। सवाल है कि फुड विभाग के साथ कहीं समूहों के संचालकों की गांठ तो नहीं है। जब पोर्टल में संबंधित व्यक्ति का नाम दर्शाया जा रहा है तो फिर राशन दुकान चलाने में ज्योति यादव को किसने किया?

इन्हीं राधा कृष्ण स्व सहायता समूह के द्वारा विगत कुछ महीनों पहले धनककड़ी का धान खरीदी केंद्र का मामला भी बहुत तेजी से चला था। इनके द्वारा बाहर से धान बुलवाकर फर्जी तरीके से तुलाई करवाई जा रही थी जब इस मामले की जानकारी लखनादौन की पूर्व तहसीलदार ने पकड़ा था तो मामले को रफा दफा कर दिया गया था।

आपको बता दें कि इस समूह में जो सदस्य हैं और उन्हें कुछ सदस्यों को यह नहीं पता है कि हम किस समूह में है या किस समूह में जुड़े हुए हैं। जब इस मामले की शिकायत की गई तो समूह के संचालक ने खुद को बचाने के लिये एसडीएम कार्यालय फुड विभाग जिला परियोजना ऑफिस और संबंधित कार्यालय में अपनी हाजिरी लगवाना शुरू कर दिया है।

इस संबंध में लखनादौन एसडीएम ऑफिस में समूह की जांच के लिए शिकायत पत्र जारी कर दिया गया है अब सवाल यह है कि लखनादौन एसडीएम कब तक जांच करके दोनों समूहों पर और उनके संचालकों पर कब कार्यवाही करते हैं आशा है कि नवागत एसडीएम निष्पक्ष जांच करते हुए कार्यवाही करेंगे ।

मिशन स्कूल में लगा बाल मेला

छपारा, देशबन्धु। मिशन स्कूल छपारा में प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी बाल मेला का आयोजन किया गया। बाल मेले में छात्र-छात्राओं ने तरह तरह के व्यंजन के लगभग 50 स्टॉल लगाए।

इस बाल मेले में छात्र-छात्राए अभिभावक मिशन स्कूल के प्रिंसिपल शिक्षक शिक्षिका गणमान्य नागरिक मेले में पहुंचकर अपने मनपसंद के व्यंजनो को खरीद कर खाया। इससे छात्रों व्दारा लगाया गया व्यंजनो की दुंकानो का अच्छा खासा मुनाफा हुआ।

व्यंजन में पाव भाजी, पेस्ट्री, आइसक्रीम, गुलाब जामुन, मुर्रा बेल, इटली ढोकला, कस्टर्ड, फूड सलाद, फ्रूट जूस, चना मसाला ,आइस क्रीम ,पानी पुरी, डोनट केक, शाही तोस, कोल्ड ड्रिंक, पास्ता आदि शामिल थे।

बाल मेले में मैं पहुंचे गणमान्य नागरिकों व अभिभावकों ने बच्चों के द्वारा लगाए गए व्यंजनों के स्टॉल और मेरे को व्यवस्थित ढंग से संचालित करने वाले मेला प्रभारी की सराहना की और मेले का आनंद लिया।

कौन छोड़ गया नवजात आहत लोगों ने सौंपा ज्ञापन

सौसर, देशबन्धु । क्षेत्र के सामाजिक, धार्मिक, राजनैतिक क्षेत्र में कार्य करने वाले उभरते हुए सामाजिक संगठन श्री अनुसया माता ब्रिगेड एवं टायगर ग्रुप के सदस्यों द्वारा संयुक्त रूप सोमवार को सौसर के अनुविभागीय अधिकारी राजस्व सिद्धार्थ पटेल को ज्ञापन सौंपा गया। संगठन द्वारा बताया गया की हाल ही में नगर के एक शासकीय शैक्षणिक संस्था के पास में नवजात शिशु को कड़कड़ाती ठण्ड में छोड़ गया।

सुबह मॉर्निंग वॉक करने गए नगर के जिम्मेदार नागरिकों को दिखा तो उन्होंने नगर के सिविल हॉस्पिटल में सौंपा गया। ये घटना से आहत हुए सामाजिक संगठन द्वारा एसडीएम को दोषी पर कार्यवाही करने को लेकर ज्ञापन सौंपा गया।

इस अवसर पर नीलेश खंडाईत, महेश भक्ते, मुकुल खंडाईत, टायगर ग्रुप के ब्लॉक अध्यक्ष अंकित गुर्वे, सतीश खंडाईत एवं अन्य सदस्यगण उपस्थित थे।

दैनिक राशिफल

मंगलवार 26 नवम्बर 2024 का पंचांग विक्रम संवत् 2081, शक संवत 1946 हिजरी 1445। मार्ग शीर्ष कृष्ण पक्ष की एकादशी नक्षत्र-हस्त।

मेष
आज आपका मन बेचैन रहेगा। किसी बात को लेकर कुछ ज्यादा ही इमोशनल रहेंगे। आज किसी के साथ वाद-विवाद में न उतरें।

वृषभ
आर्थिक कामों में आज कोई अड़चन आ सकती है। मित्रों और रिश्तेदारों के मिलने से मन खुश रहेगा। व्यापार में भागीदारी के काम में आपको लाभ मिलेगा।

मिथुन
आपके दिन का आरंभ शारीरिक और मानसिक स्वस्थता से होगा। आप खुश रहेंगे। परिजन और मित्रों के साथ आनंदपूर्वक समय गुजारेंगे।
`क- 360-349

कर्क
आज आपके धन की आय कम और व्यय अधिक होगा। आंखों के दर्द रह सकता है। मानसिक चिंता भी रहेगी। वाणी में संयम बनाए रखें।

सिंह
आज आपके मन में क्रोध और आवेश की भावना रहेगी। लोगों के साथ संभलकर बातचीत करें। स्वास्थ्य की दृष्टि से आज का दिन शुभ नहीं है। मन में चिंता रहेगी।

कन्या
आपकी आज की सुबह आनंदप्रद और लाभप्रद रहेगी। व्यवसाय में लाभ होगा। सामाजिक क्षेत्र में आपकी प्रशंसा होगी। उधार दिए पैसे वापस आ सकते हैं।

तुला
आज आपको शारीरिक और मानसिक सुख अच्छा रहेगा। व्यापार में आप उत्साहपूर्वक काम करेंगे।

वृश्चिक
आज विरोधियों और प्रतिस्पर्धियों के साथ वाद-विवाद में ना पड़ें। व्यवसाय में परिस्थिति अनुकूल नहीं होगी। संतान के साथ मतभेद हो सकता है।

धनु
आज आपको हर मामलों में सावधान होना पड़ेगा। क्रोध करने से हानि होने की आशंका बनी रहेगी। शारीरिक अस्वस्थता रह सकती है। बिजनेस में कर्मचारीयों का व्यवहार नकारात्मक रहेगा।

मकर
आज अपने प्रिय दोस्तों या रिश्तेदारों के साथ घूमने-फिरने का मन करेगा। वाहन-सुख मिलेगा तथा मान-सम्मान भी मिलेगा।

कुंभ
आज आपको काम में सफलता मिलेगा। इससे आपका यश बढ़ेगा। शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। सामाजिकरूप से मान-प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी।

मीन
आज का दिन अच्छी तरह से गुजरेगा। कला के क्षेत्र में आपकी अभिरुचि बढ़ेगी। मित्रों से हुई मुलाकात आनंद देगी।
म. 379-280

3,4,7,8,30,44,75,81,88,45,01,26

अनिल नामदेव का निधन

गोटेगांव, देशबन्धु । विगत सोमवार को शिशु बाल मंदिर के प्रधान पाठक कमलेश नामदेव एवं रवि नामदेव के पिता अनिल नामदेव (रिटायर्ड रेलवे कर्मचारी) का लगभग 70 वर्ष की आयु में निधन हो गया।

आप सौम्य व्यवहार और मिलन सारिता के धनी थे उनके निधन से परिवार में शोक व्याप्त हो गया। अंतिम यात्रा निज निवास से मुक्तिधाम ले जाई गई जहां पर स्व अनिल नामदेव का अंतिम संस्कार किया गया। इस अवसर पर सभी वर्गों के लोगों ने शामिल होकर मृतात्मा के प्रति दो मिनिट का मौन धारण कर अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की है।

बिजली शेड्यूल परिवर्तन से रोष

रामाकोना, देशबन्धु। हाल ही में बिजली विभाग द्वारा कृषि कार्य हेतु मिलने वाली बिजली के शेड्यूल में परिवर्तन किया है जिसको देखते हुए किसानों में काफी रोष व्याप्त हैं।

सोमवार को रामाकोना तथा आस पास के ग्राम आमला, खुटाम्बा, जोबनी, खापा के किसानो ने अनुविभागीय अधिकारी राजस्व एवं बिजली विभाग सौसर में दर्जनों की संख्या में पहुंचकर ज्ञापन सौंपा गया और बताया गया की कड़कड़ाती हुई ठण्ड में बिजली विभाग द्वारा किसानो को मिलने वाली बिजली का शेड्यूल रात्रि का कर दिया गया है, जिससे क्षेत्र के किसानो में रोष व्याप्त है।

शंकर भाऊ धुंडे ने बताया की देश का अन्नदाता कहलाने वाला किसान इतनी ठण्ड में रात्रि के समय खेतो में पानी कैसे डालेंगा । पूर्व वाले शेडूल को ही यथावत रखा जाए। नामदेव पाल का कहना है की बिजली विभाग द्वारा बिजली की पूरी वसूली केवल किसानो से ही लेना ठान रखी है ऐसा लगता है क्योंकि जिन किसानो के पास 1 एचपी, 2 एचपी की मोटर है उनको 5, 6 एचपी के बिजली बिल थमाये जा रहे हैं।

ज्ञापन सौंपने रमेश पाल, प्रवीण कुरोठे, गजानन पातुरकर, सूर्यभान भोपे, वासुदेव पाल एवं दर्जनों की संख्या मे किसान वर्ग उपस्थित थे।

कृषकों ने एसडीएम एवं बिजली विभाग को ज्ञापन सौंप बिजली यथावत रखने की मांग की